विधानसभा के चतुर्थ सत्र का उत्तराखंड विस अध्यक्ष ऑनलाइन शुभारंभ करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### विधानसभा के चतुर्थ सत्र का उत्तराखंड विस अध्यक्ष ने ऑनलाइन शुभारंभ किया

**संवाददाता** देहरादून। युवा आह्वान संस्था के माध्यम से शुक्रवार को उत्तराखंड युवा विधानसभा के चतुर्थ सत्र का उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद्र अग्रवाल ने ऑनलाइन शुभारंभ किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में उपस्थित 70 विधायकों को गोपनीयता की शपथ दिलाई। बता दें 6 से 9 नवम्बर तक गैरसैंण में युवा विधानसभा आयोजित हो रही है उसमें प्रदेशभर से आने वाले सभी 70 युवाओं को जो युवा विधायक की भूमिका में नजर आएंगे उन्हें ऑनलाइन विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल द्वारा संबोधित किया गया।

### महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी धर्मपुर नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष सीताराम की गरिमामय उपस्थिति में महाराष्ट्र सरकार द्वारा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया जगत के विख्यात पत्रकार अर्णव गोस्वामी की गिरफ्तारी के विरोध में मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।
यहां मंडल से जुड़े हुए कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष संदीप मुखर्जी के नेतृत्व में इकटठा हुए और वहां पर जमकर प्रदर्शन किया।

### सभी स्कूलों को 30 नवम्बर तक बन्द करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स (एनएपीएसआर) ने केन्द्रीय ग्रह मंत्रालय द्वारा जारी डिजास्टर मैनेजमेंट की गाइडलाइंस को लेकर जिलाधिकारी देहरादून और उपजिलाधिकारी विकासनगर को ज्ञापन दिया गया जिसमे ग्रह मंत्रालय द्वारा जारी पत्र मे डिजास्टर मैनेजमेंट की गाइडलाइंस का संज्ञान लेते हुए सभी स्कूलों को 30 नवम्बर तक बन्द करने को कहा गया है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की अनुमति से दो नवंबर 2020 से कक्षा 10वीं व 12वीं की स्कूलों में पठन पाठन का कार्य शुरू हुआ है।

### भारत में मिनी जॉन कूपर वर्क्स जीपी प्रेरित संस्करण की पेशकश

**संवाददाता** देहरादून। मिनी इंडिया ने मिनी जॉन कूपर वर्क्स जीपी द्वारा प्रेरित नई लिमिटेड एडीशन मिनी जॉन कूपर वर्क्स हैच पेश किया है। कंप्लीटली बिल्ट.अप युनिट के रूप में प्रस्तुत मिनी जॉन कूपर वर्क्स जीपी इंस्पाइअर्ड एडीशन की केवल 15 युनिट्स उपलब्ध हैं। इन्हें विशेष रूप से केवल shop-mini-in पर बुक किया जा सकता है। मिनी जॉन कूपर वर्क्स जीपी को श्रद्धांजलि का प्रतीक मिनी जॉन कूपर वर्क्स जीपी इंस्पाइअर्ड एडीशन में सड़क के लिए असली रेसट्रैक की अंतर्निहित क्षमता है।

## विकास योजना से गांव की जनता हुई प्रभावित

**समीक्षा**

■भानियावाला में फ्लाईओवर निर्माण में सुविधाओं का नहीं रखा ध्यान

■पुराने रास्ते भी नहीं बचे अब तक

**संवाददाता**

डोईवाला। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवाकर भटट ने कहा है कि भानियावाला से लच्छीवाला तक सॉन्ग नदी निर्माण संस्था कंपनी द्वारा फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है लेकिन निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय लोगों की सुविधाओं का बिल्कुल भी ख्याल नहीं रखा गया है हालात यह है कि स्थानीय लोगों का नेशनल हाईवे से संपर्क टूट चुका है। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधा के लिए ही सरकारें विकास कार्य करती हैं लेकिन इस विकास योजना से गांव के लोग प्रभावित हो गए हैं और उनके पुराने रास्ते भी नहीं बचे है। गांव के लोगों की समस्याओं का समाधान न होने पर दल उग्र आंदोलन करेगा।
पत्रकारों से रूबरू होते हुए



उन्होंने कहा कि लोगों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए सरकार से मांग की है कि लोगों को नेशनल हाईवे से कनेक्ट किया जाए जिससे कि उन्हें अपने वाहन निकालने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े और दूसरा फुटओवर ब्रिज बनाया जाए और तीसरा फ्लाईओवर से पहले एक चौक बनाया जाए। इस अवसर पर डोईवाला विधानसभा के प्रभारी व विशेष आमंत्रित सदस्य शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि राज्य सरकार के विकास तमाम तरह की खामियों से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि डोईवाला में जो बाइपास फ्लाईओवर और हाईवे बन रहा है उसमें भी तमाम तरह की खामियां और गुणवत्ता का अभाव है क्योंकि डोईवाला मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की विधानसभा है इसलिए इस निर्माण कार्य की उचित जांच होनी चाहिए ताकि जनता को पता चल सके कि कितना भ्रष्टाचार और नियमों की अनदेखी हाईवे और ओवर ब्रिज बनाने में की गई है।
शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि डोईवाला के इस फ्लाईओवर ने एक गांव को आपस में बांट दिया है और आने–जाने के रास्ते भी हाईवे बनने से प्रभावित हो गए हैं और लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्माण दाई संस्था ने किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की है। उन्होंने कहा कि इसलिए उत्तराखंड क्रांति दल आम जनता की बेरुखी को सहन नहीं करेगा और अगर शासन प्रशासन ने लोगों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो उत्तराखंड क्रांति दल एक बड़े आंदोलन को बाध्य होगी।
उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधा के लिए ही सरकारें विकास कार्य करती हैं लेकिन इस विकास योजना से गांव के लोग प्रभावित हो गए हैं और उनके पुराने रास्ते भी नहीं बचे है इसलिए सरकार को तुरंत गांव के लोगों की समस्याओं पर ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

### प्रियंका गांधी तीन दिनी दौरे पर देहरादून में

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी शुक्रवार को तीन दिन के निजी दौरे के पर देहरादून पहुंची। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रियंका गांधी रात्रि विश्राम देहरादून में राजपुर स्थित विश्राम ओल्ड एज होम अंतरा में विश्राम किया। शनिवार सुबह वह मसूरी के स्प्रिंग रोड लाइब्रेरी के लिए रवाना होगी। प्रियंका गांधी के दौरे को देखते हुए रूट व्यवस्था के साथ ही खुफिया एजेंसियों को भी अलर्ट किया गया है। सूत्रों के अनुसार, अपने इस दौरे के दौरान प्रियंका गांधी गांधी पार्टी नेताओं से मुलाकात कर सकती है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का यह निजी दौरा है। इसकी आधिकारिक जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को नहीं मिली है। ऐसे में पार्टी स्तर पर उनके स्वागत कार्यक्रम तय नहीं हैं। वैसे भी निजी दौरे पर आ रही प्रियंका गांधी से मिलने की भीड़ लगाना उचित भी नहीं है। आगे क्या कार्यक्रम तह होता है इसकी जानकारी बाद में दी जाएगी।

## एक बार फिर से सुर्खियों में आए चैम्पियन

**मांग**

■ शीघ्र ही कार्यवाही कर बर्खास्त किये जाने की मांगः आप

देहरादून। **संवाददाता**

खानपुर के विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों व छात्रों को गाली गलौच का आडियो वायरल हुआ है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र आनन्द ने कहा कि कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन पर शीघ्र ही कार्यवाही कर बर्खास्त किये जाने की मांग की है।
सरकुलर रोड स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि




खानपुर के विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों व उत्तराखंड के छात्रों को गालियां दी गयी जिसका ऑडियो कल वायरल हुआ है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी मांग करती है कि कुंवर प्रणव पर कार्यवाही की जाय। चैम्पियन द्वारा पूर्व में भी उत्तराखंड को गालियां दी गयी लेकिन भाजपा ने छह साल के लिए निष्कासित करने का ऐलान किया गया लेकिन तेरह माह में ही उनका निष्कासन वापस लिया गया जो कि भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है।
उन्होंने कहा कि कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन पर अगर भाजपा द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई तो आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरकर भाजपा व चैम्पियन के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा एबीवीपी को रीढ़ की हड्डी मानती है और चैम्पियन ने रीढ़ की हड्डी पर अटैक किया है और ऐसे में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत को तत्काल प्रभाव से उन पर कार्यवाही की जानी चाहिए अन्यथा आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।
इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता उमा सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत उत्तराखंड में बेरोजगारी का आंकड़ा माइनस में बता रहे है जो कि गलत है।

### कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सचिवालय किया कूच

**संवाददाता** देहरादून। पंचायती राज विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मियों की बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सचिवालय कूच किया। पंचायतीराज आउट सोर्सिंग कर्मचारी संगठन के बैनर तले कर्मचारी भाजपा महानगर कार्यालय के समक्ष इकटठा हुए और वहां से अपनी बहाली की मांग को लेकर प्रदेश सरकार व विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सचिवालय कूच किया और पुलिस ने सुभाष रोड़ पर बैरीकैडिंग लगाकर सभी को रोक लिया और सभी वहीं शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठ गये। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया इस अवसर पर प्रदेश भर से आये आउटसोर्सिंग कर्मचारी शामिल थे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।